पेज थ्री देहरादून

आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में सेवायोजन पंजीकरण की अनिवार्यता का घेराव करते हुए।

देहरादून, मंगलवार, 21 सितंबर 2021

# हमारा दून





# लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कैम्प लगाये जाय

■ सीएम ने किया उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक की एटीएम युक्त वित्तीय साक्षरता वाहनों का फ्लैग ऑफ

■ सीएम ने किया उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के नवम् वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन





**शुभकामनाएं**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में नाबार्ड द्वारा वित्तपोषित उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक की एटीएम युक्त 05 वित्तीय साक्षरता वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के नवम् वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वित्तीय समावेशन एवं डिजिटल इंडिया मिशन को अधिक सुदृढ बनाने की दिशा में यह सराहनीय प्रयास है। इन वाहनों का उपयोग राज्य की आम जनता को वित्तीय साक्षर बनाने एवं एटीएम के माध्यम से लेन देन कर डिजीटलीकरण को बढ़ावा देने में किया जायेगा। ग्रामीण बैंक की मोबाइल एटीएम वैन द्वारा राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के निवासियों को एटीएम के माध्यम से लेन देन के साथ–साथ वित्तीय साक्षरता हेतु जागरुकता भी प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को ऋण लेने की सुविधा आसानी से हो, इसके लिए प्रत्येक जनपद में कैंप लगाये जा रहे हैं। उन्होंने उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन कैंपों में अधिक से अधिक लोगों को ऋण वितरित किए जाएं।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक डॉ ज्ञानेन्द्र मणि ने बताया कि राज्य के आर्थिक विकास में बैंकों की अहम भूमिका है तथा वित्तीय समावेशन में बैंकों की साझेदारी को अधिक करने हेतु वित्तीय समावेशन निधि के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के वित्तीय सहयोग नाबार्ड द्वारा निरन्तर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की समस्त जनता को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना नाबार्ड की प्राथमिकता है।

ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष राकेश तेजी ने कहा कि नाबार्ड द्वारा राज्य की जनता हेतु वित्तीय समावेशन निधि के अन्तर्गत प्रदत्त की जा रही विभिन्न सेवाओं का बैंक द्वारा अधिकाधिक उपयोग कर राज्य के आर्थिक विकास में सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड के सहयोग से पूर्व में प्रदत्त एक वित्तीय साक्षरता वाहन का उपयोग अल्मोड़ा जनपद में किया जा रहा है।

इस अवसर पर नाबार्ड के मुख्य महाप्रबन्धक एपी दास, ग्रामीण बैंक के समस्त महाप्रबन्धक तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल का केंद्र बनेगा टिहरी, कवायत शुरू

**समीक्षा**

■ सीएस ने बहुद्देश्यीय परियोजना पेयजल परियोजना की समीक्षा की

**संवाददाता**

**150 एमएलडी पेयजल की होगी आपूति**

सौंग बाँध पेयजल बहुद्देश्यीय परियोजना के द्वारा देहरादून शहर और आसपास के क्षेत्र की 10 लाख की आबादी को गुरुत्व आधारित 150 एमएलडी पेयजल आपूर्ति की जा सकेगी। इस परियोजना से 3.5 किमी लंबी झील बनाएगी, जो पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण होगी। परियोजना हेतु हाईड्रोलॉजी क्लीयरेंस, भूवैज्ञानिक रिपोर्ट, जल परिवहन प्रणाली डिजाइन, फाउंडेशन इंजीनियरिंग और भूकंपीय पहलू सहित अन्य रिपोर्ट्स प्राप्त कर ली गयी हैं। परियोजना हेतु फॉरेस्ट क्लीयरेंस, एनवायरमेंट क्लीयरेंस एवं वन्यजीव क्लीयरेंस प्राप्त की जानी शेष हैं, जो शीघ्र प्राप्त कर ली जाएंगी।

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. सन्धु ने सोमवार को सचिवालय में जमरानी बाँध पेयजल बहुद्देश्यीय परियोजना एवं सौंग बाँध पेयजल बहुद्देश्यीय परियोजना की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने दोनों परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने दोनों परियोजनाओं के पूर्ण किए जाने हेतु प्रत्येक कार्य के लिए टाईमलाईन निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के सभी कार्यों एवं समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता पर लेते हुए परियोजनाओं का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाए।

मुख्य सचिव ने जमरानी बाँध एवं सौंग बाँध पेयजल बहुद्देश्यीय परियोजना के विस्थापन एवं पुनर्वास कार्यों हेतु तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सौंग बाँध हेतु फॉरेस्ट क्लीयरेंस, एनवायरमेंट क्लीयरेंस एवं वन्यजीव क्लीयरेंस आदि के लिए लगातार प्रयास किए जाएं, साथ ही, जमरानी बाँध हेतु फॉरेस्ट स्टेज–2 क्लीयरेंस एवं नेशनल टाइगर कन्जर्वेशन अथॉरिटी से क्लीयरेंस के कार्य में भी तेजी लाई जाए। बताया गया कि जमरानी बाँध के फेज–1 का कार्य, जिसमें गोला बैराज का निर्माण एवं 40 किमी लम्बी नहरों का निर्माण शामिल है, वर्ष 1981 में पूर्ण हो गया था। फेज–2 में 150.6 मी हाई रोलर कॉम्पैक्टेड कॉन्क्रीट डैम प्रस्तावित है, जिससे 117 एमएलडी पेयजल के साथ ही 14 मेगावॉट विद्युत उत्पादित होगी। परियोजना हेतु सेंट्रल वाटर कमिशन, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी एवं जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय सहित फॉरेस्ट स्टेज–1 की स्वीकृति और पर्यावरणीय स्वीकृतियां ले ली गयी हैं। फॉरेस्ट स्टेज–2 क्लीयरेंस एवं नेशनल टाइगर कन्जर्वेशन अथॉरिटी से क्लीयरेंस शीघ्र ही प्राप्त की ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री के प्रयासों से पटरी पर लौट रही चारधाम यात्रा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में चार धाम शुरु हो गई है। यात्रा प्रारम्भ होने से प्रदेश में चार धाम से जुड़े व्यवसायों की उम्मीद बढ़ गई है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष प्रयासों से चार धाम यात्रा शुरू होने से कोविड–19 की दूसरी लहर के बाद बंद पड़े कारोबार को संजीवनी मिलेगी। चार धामों में अब तक लगभग साढ़े पांच हजार लोग दर्शन कर चुके हैं जबकि अब तक 42 हजार से अधिक लोगों को ई–पास जारी किये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि कोविड संक्रमण के चलते आर्थिक मंदी से जूझ रहे चारधाम यात्रा और पर्यटन से जुड़े कारोबारियों के लिए राज्य सरकार ने 200 करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज जारी कर संजीवनी देने का काम किया।

### दून मेडिकल कालेज के 2019 बैच के पांच छात्रों को हास्टल से किया निष्कासित

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कालेज के 2019 बैच के पांच छात्रों को हास्टल से निष्कासित कर दिया गया है। कालेज प्रबंधन ने निष्कासन का कारण अनुशासनहीनता बताया है। जिसके खिलाफ छात्र रविवार सुबह प्रशासनिक भवन के बाहर धरने पर बैठ गए। निष्कासन रद न होने पर उन्होंने भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने ' रिवार्ड 123 प्लस' डिजिटल सेविंग्स अकाउंट लॉन्च किया

**संवाददाता**देहरादून। अपने फ्लैगशिप रिवार्ड्स123 सेविंग्स अकाउंट के लॉन्च के बाद आज एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने रिवार्ड्स123प्लस डिजिटल सेविंग्स अकाउंट वैरिएंट के लॉन्च की घोषणा की। विभिन्न तरह के डिजिटल विनिमयों पर निश्चित बेनेफिट्स के साथ यह एक साल का डिज्नीप्लस हॉटस्टार मोबाईल सब्सक्रिप्शन भी प्रस्तुत करता है। वॉलेट के ग्राहक भी रिवार्ड्स123प्लस के फायदों का आनंद ले सकते हैं।

### देहरादून की ऐवरेस्ट ट्विनस वूमेन पीक चैलेंज में लेंगी भाग

**संवाददाता** देहरादून। भारत की प्रसिद्ध पर्वतारोही बहनें ताशी तथा नुंगशी मलिक को स्विट्जरलैंड टूरिज्म बोर्ड ने 100 प्रतिशत वूमेन पीक चौलेंज में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। देहरादून की रहने वाली इन दोनों बहनों को दुनिया एवरेस्ट ट्विनस के नाम से भी जानती है। इस प्रतियोगिता स्विस ऐल्पस की 4000 मीटर से अधिक 48 चोटियों पर यह महिलायें चढ़ाई करेंगी। ताषी व नुंगशी मलिक इस ग्लोबल चौलेंज में भाग लेने के लिए इस महीने के अंत तक स्विट्जरलैंड जायेंगी और स्विस ऐल्पस की चोटियों को फतेह करने का पहली बार मौका मिलेगा।

### उत्तराखण्ड को आदर्श एवं विकसित राज्य बनाना हमारा उद्देश्य

प्रथम पेज का शेष...पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज इस रैली में आप लोगों ने जिस उत्साह एवं उमंग से हमें अपना आशीर्वाद दिया है, उससे मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड प्रत्येक क्षेत्र– उद्योग, वानिकी, कृषि, शिक्षा, बागवानी, स्वास्थ्य आदि में नम्बर–एक रहेगा। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में उत्तराखण्ड को आगे ले जाने के लिये कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी उद्योग घरानों से अपेक्षा है कि वे उद्योगों में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध करायें।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत, स्वामी यतीश्वरानन्द, विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, विधायक झबरेड़ा देशराज कर्णवाल, विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, विधायक रानीपुर श्री आदेश चौहान, लक्सर विधायक संजय गुप्ता, सुबोध राकेश, संयोजक कुलदीप कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह चौहान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकास तिवारी ने किया।

### आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में सेवायोजन पंजीकरण की अनिवार्यता को किया घेराव

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा कार्यकर्ताओं ने मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में तहसील घेराव ध्प्रदर्शन कर आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों में सेवायोजन पंजीकरण प्रमाण–पत्र की अनिवार्यता को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विकासनगर श्री विनोद कुमार को सौंपा। घेराव कार्यक्रम में नेगी ने कहा कि प्रदेश में आउट सोर्स के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों में सेवायोजन कार्यालय द्वारा प्रदत्त पंजीकरण प्रमाण पत्र की बाध्यता न होने के चलते प्रदेश के होनहार प्रतिभावान युवाओं को छलने का काम किया जा रहा है। आउट सोर्स एजेंसियां बाहरी प्रदेश के युवाओं से सांठगांठ कर उनको मनचाहा रोजगार मुहैया करा रही है, वही इसके विपरीत प्रदेश के होनहार एवं सिफारिश विहीन युवा दर–दर की ठोकरें खाने एवं पलायन को मजबूर हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।